# अंकित गौरहा

सदस्य – जिला पंचायत बिलासपुर
सभापति – स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
उपाध्यक्ष व प्रवक्ता – जिला कांग्रेस कमेटी, बिलासपुर
प्रदेश महासचिव – युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ (निर्वाचित)

Mob. : 9584699999
9300276665
E-mail : ankit.gourha@gmail.com


क्रमांक______ दिनांक 18-09-24

प्रति,

श्रीमान् पुलिस अधिक्षक महोदय,
जिला–बिलासपुर (छ0ग0)

विषय :– थाना कोनी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सेमरताल में भाजपा नेता साकेत बिहारी कौशिक के हत्या की जॉच कर उचित कार्यवाही करने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांक 09–09–2024 को ग्राम पंचायत सेमरताल निवासी साकेत बिहारी कौशिक पिता सीताराम कौशिक की दिनदहाड़े लगभग 4 बजे हत्या कर दी गई, हत्या में उपयोग किए गये हथियार के साथ अपराधी को भी पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। इस घटना के बाद ग्रामीण क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मृतक के परिजन एवं ग्रामवासियों का कहना है कि निर्मम हत्या होने के बावजूद भी पुलिस ने इस मामले से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं व तथ्यों पर गंभीरता से जॉच नहीं कर रही है।

ग्राम पंचायत सेमरताल में हुए इस घटना के उपरान्त मृतक के छोटे भाई यज्ञेश कौशिक और मृतक के पुत्र हिमांशु कौशिक ने बताया कि मृतक साकेत बिहारी कौशिक भाजपा नेता होने के साथ साथ कृषक मित्र भी थे, और उनकी पत्नी स्नेहलता कौशिक भारतीय जनता पार्टी बेलतरा मध्य मंण्डल में मंत्री है, और उनकी हत्या को जिस तरह से जमीन संबंधी विवाद बताया जा रहा है वास्तव में ऐसा नहीं है, क्योंकि यह मामला भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के दो घड़े से जुड़े होने के साथ ही भविष्य में होने वाले पंचायती राज चुनाव के रंजिस से प्रेरित हो सकता है। जबकि पुलिस ने इन पहलुओं पर विचार ही नहीं किया है और आज घटना के 10 दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस ने उनके परिजन से इस संबंध में किसी भी प्रकार की कोई पुछताछ नहीं की है।

अतः आपसे निवेदन है कि इस हत्या से जुड़े सभी पहलुओं की जॉच कराकर दोषियों पर उचित कार्यवाही करने की कृपा करें।

भवदीय

Ankit Gourha

अंकित गौरहा

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बिलासपुर (छ.ग.)